सार-समाचार

खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

कपासन, (निसं)। ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय दांतोली में प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अर्जुन लाल जीनगर थे एवं अध्यक्षता निवृत्तमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ राम सिंह चुंडावत ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत उमंडके सरपंच प्रकाश चौधरी, रोलिया सरपंच रतन नाथ योगी , सरपंच छापरी व सरपंच मुंगाना सरपंच प्रतिनिधि कैलाअहीर, सरपंच रुपाखेडी लक्ष्मण कीर, भारतीय जनता पार्टी के शनि महाराज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष छगा लाल गाडरी तथा ग्राम विकास अधिकारी काजोल नंदवाना अन्य कई पंचायत के सरपंच उप सरपंच एवं गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं की 42 टीमों के 425 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अर्जुन लाल जीनगर में खिलाड़ियों से खेल भावना ऑन से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा एवं कई विकास की कल्याणकारी योजनाएं सड़कों की घोषणा भी की तथा राज की प्राथमिक विद्यालय का सौंदर्य करण के कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया इस मौके पर पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी उमंड ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया अध्यक्षता कर रहे डॉ चुंडावत ने शिक्षा विभाग की विभिन्न प्रतियोगिताओं पर प्रकाश डालते हुए इस प्रतियोगिता में खो-खो कबड्डी जिमनास्टिक एथलीट आदि इवेंट होंगे यहां पर विजय श्री हासिल करने वाली टीम जिला स्तर पर भाग लेगी। अतिथियों का स्वागत उपरना पहना किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

गंदे पानी व कीचड़ से ग्रामवासी परेशान

मंडफिया, (निसं)। भदेसर उपखंड के पोटला कलां ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव बेगमनिया सड़क मार्ग पर फेल रहे गंदे पानी तथा कीचड़ से ग्राम वासी परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में कई बार शिकायतें की गई लेकिन उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ठाम वासियों ने बताया कि मंडफिया-भदेसर मुख्य सड़क मार्ग से बेगमणिया जाने वाली सड़क पर आबादी क्षेत्र से निकलने वाले शौचायलयों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिससे ग्रामवासी परेशान है। इस संबंध में कई बार ठाम पंचायत पोटला कलां तथा संपर्क पोर्टल पर भी प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन पानी निकासी का समुचित प्रबंध नहीं हो पाया है जबकि यहां पर नाली भी बनी हुई है। इस संबंध में ठाम वासियों ने उपखंड अधिकारी को भी ज्ञापन देकर पानी निकासी का समुचित प्रबंध करने तथा गंदा पानी सड़क पर छोड़ने वाले मकान मालिक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

करंट की चपेट से ऊंट की मौत

मंडफिया, (निसं)। खेत में विचरण कर रहे ऊंट की 11 केवी विद्युत लाइन टच होने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मारवाड़ के पाली जिले के रानी थाना अंतर्गत जवोली गांव निवासी भोलाराम रेबारी अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ ऊट व भेड़ और बकरियां लेकर मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों में चराने के लिए लेकर आए हुए हैं। यह पशु पालक अपने परिवार एवं अपनी पूरी रेवाड़ के साथ भदेसर उपखंड क्षेत्र के बिलडी गांव की सरहद पर रुके हुए थे। अपने भेड, बकरी, ऊंट सारे मिट्ठू लाल जाट के खेत के आसपास चर रहे थे। उस खेत में 11 हजार केवी की विद्युत लाईन निकली हुई है के तार इतने नीचे थे कि ऊंट के सिर को छू गए। तार सिर से छू जाने के कारण बिजली की चपेट में आकर ऊंट की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुकेश जाट, यशवंत जाट, सामाजिक कार्यकर्त्ता शंकरलाल मेघवाल बिलड़ी आदि ठामीण मौके पर पहुंचे।पशुपालक भोलाराम रेबारी ने बताया कि मेरा भाई सेमेलाराम रेबारी के दो ऊट व 50 भेड़े हैं। जिसमें एक ऊंट की 11 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल मेघवाल ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से एक गरीब पशुपालक को ऊंट की मौत की कीमत चुकानी पड़ी ऐसे लापरवाह विद्युत कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई करने एवं ठामीण क्षेत्र में ढीले विद्युत तारों को टाइट करने की मांग की।

मीणा ने किए सांवलियाजी सेठ के दर्शन

मंडफिया, (निसं)। राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्व मंत्री हेमंत मीणा शनिवार दोपहर भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन करने मंडफिया पहुंचे। राजस्व मंत्री मीणा का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद व तस्वीर भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव, सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भेरूलाल सोनी, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी, गिरदावल दिलीप दक, मंडफिया पटवारी महेंद्र प्रजापत व मंडफिया थाना अधिकारी शीतल गुर्जर मय पुलिस जाप्ते के साथ उपस्थित थी।

छात्र संसद के चुनाव सम्पन्न

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के मदनपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में इस सत्र में छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न हुए। निष्पक्ष मतदान प्रणाली से कक्षा एक से दस तक सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को मतदान करके चयन किया। इस दौरान छात्रों ने चुनाव प्रक्रिया को बारीक से समझा तथा उम्मीदवार को अपना अमूल्य वोट दिया। जिसमें नीलेश मीणा अध्यक्ष तथा गिरिराज सिंह राठौड उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव पर्यवेक्षक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश मेघवाल ने दोनों विजेताओं को शपथ दिलाई गई। आगामी दिनों में नवीन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिलकर कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

रेडक्रॉस सोसाइटी की मानव सेवा सराहनीय : डॉ बिंदल

राजसमंद, (निसं)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर में 43० रोगियों को परामर्श एवं उपचार दिया गया।

प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि कांकरोली बस स्टेण्ड स्थित श्री नामदेव मंदिर परिसर में आयोजित चिकित्सा शिविर में अनंता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड रिसर्च सेंटर चिकित्सालय के विषय विशेषज्ञों ने हृदय रोग, मूत्र रोग, स्त्री एवं प्रसुति रोग, हड्डी एवं जोड, शिशु एवं बाल रोग,

■ **शिविर में 430 रोगियों को परामर्श एवं उपचार दिया**

जनरल सर्जरी, मेडिसिन, कान, नाक, नेत्र एवं चर्म रोग सम्बंधित मरीजों को नि: शुल्क चिकित्सा परामर्श देकर उपचार कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में बीपी, शुगर की जांच एवं ईसीजी की सेवा नि:शुल्क की गई जिससे रोगियों को रोग निदान में सुविधा मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिंदल एवं सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा ने शिविर का आवलोकन किया तथा उपचार कराने आए मरीजों से मिलकर वहां पर दी जा रहीं चिकित्सा सेवाओं को लेकर आवश्यक जानकारी ली। डॉ बिंदल ने कहां कि रेडक्रोस सोसायटी की मानव सेवा सराहनीय है।

रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की ओर से आयोजित शिविर में आए रोगियों को परामर्श देते चिकित्सक।

शिविर में सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, कोषाध्यक्ष अशोक डूंगरवाल, वाइस चेयरमैन सीपी व्यास, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, शब्बीर हुसैन बोहरा, समाजसेवी राजकुमार दक, देवीलाल साहू, सुरेश भाट, सुरेंद्र रांकावत, लिलेश खत्री, प्रहलाद वैष्णव, प्रहलादराय मूंदडा, लता मादरेचा, अनंता मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डॉ सुनिल उपाध्याय, डॉ भूपेश पटेल, डॉ मनीष जैन, डॉ अनुराग पहाडिया, डॉ खुशबू कुंवर चौहान, डॉ उमंग जोशी, डॉ दिव्या यादव, डॉ रजत, डॉ पिंकी, डॉ हिमांशी सिंह, डॉ अपूर्वा, डॉ योगेश शर्मा, डॉ, मानवी, डॉ पुनित, कॉर्डिनेटर कन्हैया लाल, तकनीशियन सहित नर्सिंग कर्मियों ने सेवाए प्रदान की। विषेय विशेषज्ञ चिकित्सकों का सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, वाइस चेयरमैन सीपी व्यास, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी सहित पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

चेयरमैन कुलदीप शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के इस चिकित्सा शिविर को लोगों ने काफी सराहा है। लोगों का मानना है कि इस तरह के शिविरों से दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती है।

आवेदन मांगे

बांसवाड़ा, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीजी प्रिवियस गृह विज्ञान विषय में ओबीसी, एससी, एमबीसी, इडब्लूएस एवं रसायन विज्ञान में ओबीसी, एसटी, एससी, एमबीसी, इडब्लूएस की श्रेणीवार रिक्त सीटों के लिए आवेदन मांगे गए है।

नए कानूनों की दी जानकारी

बांसवाड़ा, (निसं)। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण बागीदौरा परिसर में आरजेएस मुकेश सांवरिया ने लोगों को नए कानूनो तथा एमएसीटी भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, भरण पोषण, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर गोपाल लाल मेघवाल, कमलेश तंबोलिया, महेन्द्र गांधी, वैभव गांधी, विजयपाल हुवोर, रमण पटेल, मनोज कलाल, जितेंद्र पटेल, लक्ष्मण डामोर, कालुसिंह अड, वसुंधरा मकवाना, मुंशी धनेश्वर पाटीदार, पवन पाटीदार आदि मौजूद रहे।

कुशलगढ़ शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़ रहा आगे : रमीला खडिया

बांसवाड़ा, (निसं)। मामा बालेश्वर दयाल राजकीय महाविद्यालय कुशलगढ में गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अन्तर्महाविद्यालय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ विधायक रमीला खडिया के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. लक्ष्मणलाल परमार विश्वविद्यालय उपकुलसचिव की अध्यक्षता में हुआ। विधायक खडिया ने कहा कि कुशलगढ क्षेत्र न केवल शिक्षा की दृष्टि से अपितु खेलों

■ **प्रो. बनयसिंह ने कहा कि अच्छा खिलाड़ी नित्य अभ्यास करता हुआ श्रेष्ठ प्रदर्शन की ओर बढ़ता है**

के क्षेत्र में भी आगे बढ रहा है। पहले कुशलगढ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में केवल एक महाविद्यालय था अब इस क्षेत्र में तीन महाविद्यालय है जहां अध्ययनरत विद्यार्थी विश्वविद्यालय के प्रत्येक खेल में प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन कर रहा है। खिलाडी खेल को खेल की भावना से खेलते हुए सद्भावना व शिष्टाचार का परिचय दे। विधायक खडिया ने उद्घाटन सत्र की घोषणा के साथ विद्यार्थियों को खेल की शपथ दिलवाई। अध्यक्षता करते हुए प्रो लक्ष्मणलाल परमार ने बताया कि कुशलगढ महाविद्यालय को प्रथम बार विश्वविद्यालय के अन्तर्महाविद्यालय खेलों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। खेल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास करते हुए धैर्य, सहनशीलता, आत्मविश्वास, सद्भाव व शिष्टाचार सीखाता है।

खो-खो पुरुष प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करती विधायक रमीला खडिया।

प्रो. बनयसिंह ने कहा कि अच्छा खिलाडी नित्य अभ्यास करता हुआ श्रेष्ठ प्रदर्शन की ओर बढता है। प्रतियोगिता संयोजक प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाडियों को खेल भावना से श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ जीत की शुभकामना दी। प्रतियोगिता में बांसवाडा संभाग की 16 टीमों ने भाग लिया।

सार-समाचार

डेंगू से बच्चे की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक बच्चे की डेंगू से मौत हो गई। बच्चे का गुजरात के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलर्ट हो गई है और कॉलोनी में घर-घर सर्वे शुरू कर दिया। डूंगरपुर में डेंगू से ये दूसरी मौत हुई है, जबकि इसी महीने में पॉजिटिव केस आ चुके हैं। सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता ने बताया कि डूंगरपुर शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक ध्ध साल के बच्चे का गुजरात के स्टर्लिंग अस्पताल में इलाज चल रहा था। बच्चे की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई थी। इलाज के दौरान गत रात्रि को बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का डूंगरपुर अस्पताल में भी इलाज चला थाए लेकिन तबीयत में सुधार नहीं होने पर रेफर कर दिया गया था। परिजन शनिवार को बच्चे के शव को उसके घर लेकर आए। वहीं, सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी अलर्ट हो गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमें कॉलोनी में पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चे की हिस्ट्री लेने के बाद आस-पास के कॉलोनी में सर्वे का काम शुरू कर दिया है। सीएमएचओ ने बताया कि घर घर जाकर स्वास्थ्य टीमें लोगों की जांच कर रही हैं। वहींए बीमार लोगों को दवाइयां दी जा रही हैं। जिले में इस साल में अब तक डेंगू पॉजिटिव केस की पुष्टि हुई है।

लोकेश खटीक जिलाध्यक्ष मनोनीत

डूंगरपुर, (निसं)। श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी के नेतृत्व में संस्थापक जय निमावत, राष्ट्रीय महासचिव पीसी चावला एवं राष्ट्रीय महामंत्री पुरण चौहान ने शनिवार को श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन डूंगरपुर, जिला कार्यकारिणी का गठन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि संगठन का डूंगरपुर जिले में श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का विस्तार करते हुए लोकेश खटीक को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही बागडी ने लोकेश खटीक को डूंगरपुर जिले की जिम्मेदारी सौंपते हुए वहां की स्थानीय कार्यकारिणी सदस्यों को जोडने का आव्हान किया। बागडी ने कहां कि खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन को विश्वास है,कि लोकेश खटीक के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और सामाजिक कुरुतियों को समाप्त करने में अहम भूमिका रहेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी,संस्थापक जय निमावत, राष्ट्रीय महासचिव पीसी चावला, राष्ट्रीय महामंत्री पुरण चौहान, देहात जिलाध्यक्ष केसुलाल डिडवानिया, देहता जिला उपाध्यक्ष राहुल बागडी, उपाध्यक्ष दिनेश चावला सहित संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

गढी कॉलेज इकाई कार्यकारिणी गठित

बांसवाड़ा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय गढी की कॉलेज इकाई का गठन ब्लॉक संयोजक जयेश खराडी की अध्यक्षता, जिला संयोजक कमलेश चरपोटा के मुख्य आतिथ्य तथा भाविक खांट, संभाग सदस्य महेश गरासिया, जिला सचिव कैलाश डामोर, जिला संचालक भरत मसार, निलेश पारगी व आत्माराम डिंडोर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। जिसमें इकाई अध्यक्ष मिलेन्द्र चरपोटा, उपाध्यक्ष कल्पेश वडेरा, हिना डामोर, महासचिव ईश्वर डामोर, सचिव विकेश खांट, सहसचिव दिव्या डामोर, प्रचारक महिपाल डाबी, मनीषा खांट, संचालक करण यादव, सहसंचालक गुड्डी गरासिया, कोषाध्यक्ष सुनील डामोर, सहकोषाध्यक्ष कपिल पारगी, प्रवक्ता दिलीप चरपोटा, मीडिया प्रभारी भूषण ताबियार, सह मीडिया प्रभारी कीर्तिश कटारा, सदस्य आशीष ताबियार, पंकज चरपोटा, मोनिका, इटली, शकुंतला देवन्ता को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सूरजमल चरपोटा, सुनील पटेल, राकेश डामोर, निखिल डामोर, महेश कलासुआ, जगदीश कलासुआ, मनीष मकवाना आदि मौजूद रहे। संचालन भरत मसार ने किया।

संयुक्त निदेशक ने ली बैठक

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला शिक्षाधिकारी मुख्यालय माध्यमिक कार्यालय में शैक्षिक मुद्दों को लेकर निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के संयुक्त निदेशक प्रदीप श्रीमाली ने जिले के शिक्षाधिकारियों की बैठक ली। श्रीमाली ने शीघ्र ही जिले में विद्यार्थियों के आधार अपडेशन एवं प्रमाणीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही विभाग की विभिन्न गतिविधियों का सुचारू रूप से जिले में संचालन एवं क्रियान्वयन करने, शाला संबलन के दौरान विद्यालयों की प्रभावी मोनिटरिंग करने, विभाग द्वारा इस सत्र में चलाये जा रहे नवाचारो को जिले के विद्यालयों में प्रभावी तरीके से लागु कर उसका सतत पर्यवेक्षण के माध्यम से बेहतर क्रियान्वयन करवाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षाधिकारी शफब अंजुम, सहायक निदेशक समग्र शिक्षा भरत पंड्या, अति.जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दलसिंह आमलियार, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी तलवाडा रघुनंदन वर्मा, सज्जनगढ जयदीप पुरोहित, घाटोल नवीन चन्द्र मीणा, कुशलगढ भीमजी सुरावत, आनंदपुरी चंद्रकांत टेलर, अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी सुरेश पाटीदार,धनजी डामोर, शंकरलाल प्रजापति, हितेष स्वर्णकार मौजूद रहे।

नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण

डूंगरपुर, (निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड ने शनिवार को जिला स्तरीय एकीकृत नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया अनुवीक्षण प्रकोष्ठ में इलेक्ट्रॉनिंग मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित राजनीतिक समाचारों और घटनाक्रमों की मॉनीटरिंग की प्रक्रिया और संधारित किए जा रहे रजिस्टरों की जानकारी लेते हुए पेड न्यूज, सोशल मीडिया, पेड न्यूज समाचार, सोशल मीडिया, आचार संहिता के उल्लंघन पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। सी-विजिल, शिकायत निवारण कंट्रोल रूम ध्च्च्च्ज्ज, जिला स्तरीय सामान्य नियंत्रण कक्ष में जाकर प्राप्त होने वाली शिकायतों और उनके निस्तारण की जानकारी ली। सभी प्रकोष्ठों को समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड भी साथ थे।

करवा चौथ व्रत आज, पूजन सामग्री से सजे बाजार

राजसमंद, (निसं)। पति की लम्बी उम्र की कामना का पर्व करवा चौथ रविवार को मनाया जाएगा। यह व्रत पति की लंबी उम्र की कामना से महिलाएं करती हैं। त्योहार को लेकर राजसमंद में बाजार गुलजार है। महिलाएं उत्साह से करवा चौथ का व्रत रखने के लिए तैयार हैं। करवा चौथ एक ऐसा त्योहार है जिसका इंतजार महिलाओं को साल भर रहता है। महिलाएं विशेष तौर पर सोलह श्रृंगार करती हैं। पूरा दिन निराहार रहकर चांद की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

करवा चौथ के लिए शहर के बाजार

■ **पति की लंबी उम्र के लिए आज करेंगी चंद्र-पूजन**

पूरी तरह से सज चुके हैं। शहर के नया बाजार, सर्राफा बाजार, रामधुन गली में महिलाओं की अच्छी खासी भीड दिखाई दे रही हैं। महिलाएं करवा चौथ पर होने वाली विशेष पूजा सामग्री की खरीदारी में जुटी हुई हैं। शहर में महिलाओं के लिए करवा चौथ के मौके पर विभिन्न प्रकार की छलनी, रंगीन करवे ओर करवा चौथ किट बाजार में बिकने के लिए लाए गए हैं। जो सबके आकर्षण का केंद्र है।

शहरवासी ईशा व्यास ने बताया कि मेरी शादी को 5 साल हो चुके हैं। आज भी मुझे करवा चौथ के व्रत को लेकर काफी एक्साइटमेंट रहता है। इस बार करवा चौथ 20 अक्टूबर को आ रही है। करवा चौथ से 1 दिन पहले से सभी सुहागिनें मेंहदी लगवाती हैं। करवा पूजन सामग्री के साथ ही अपनी शॉपिंग करती है। मैंने भी अपनी शॉपिंग की है। करवा चौथ की सुबह सरगी लेकर पूरे दिन निराहार व्रत रखकर चांद को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोलते हैं। पहले पति से पानी पीकर उसके बाद भोजन करते हैं।

करवा चौथ पर्व को लेकर अपने घरों में हाथों पर मेहन्दी बनाती युवतियां।

हमारी सनातन संस्कृति में करवा चौथ का काफी महत्व और सभी सुहागन महिलाएं इसे पूरे मन से करती हैं।बाजार में करवा चौथ के लिए शॉपिंग करने के लिए आई एडवोकेट भावना पालीवाल ने कहा कि करवा चौथ का त्योहार एक ऐसा त्योहार है जिसका हमें पूरे साल भर इंतजार रहता है और हम पूरे सोलह श्रृंगार करने के बाद चांद की पूजा करते हैं और बाद में अपने पति का चेहरा देखकर अपना व्रत और उपवास खोलते हैं। इस दौरान हम पति की लंबी आयु की कामना भी करते हैं।

करवा चौथ को लेकर आज हम राजसमंद के बाजार में शॉपिंग करने आए हैं जहां हमने आकर्षक छलनी, करवे, चूडियां और पूजा का सामान लिया है इन सभी सामानों के बिना करवा चौथ की पूजा अधूरी मानी जाती है। यह पूजा में बहुत जरूरी है। करवा चौथ हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियां मनाती हैं। यह व्रत सवेरे सूर्योदय से पहले लगभग 4 बजे से आरंभ होकर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होता है। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है।

कलेक्टर-एसपी ने पुलिस लाइन में किया श्रमदान

राजसमंद, (निसं)। स्वच्छता को बढावा देने के उद्देश्य से जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के नवाचार माय ऑफिस क्लीन ऑफिस के तहत जिले के समस्त सरकारी कार्यालयों में सुबह से ही सफाई कार्य शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। कलक्टर असावा पुलिस लाइन पहुंचे और एसपी मनीष त्रिपाठी के साथ विशेष सफाई अभियान में भाग लेकर श्रमदान किया। अभियान के दौरान पुलिस लाइन परिसर की सफाई की गई और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढाने पर जोर दिया गया। इस सामूहिक प्रयास से न केवल परिसर स्वच्छ हुआ बल्कि सफाई के प्रति आमजन और कर्मचारियों में जागरूकता भी आई। जिला कलेक्टर असावा ने कहा कि स्वच्छ वातावरण सिर्फ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक नहीं है बल्कि यह कर्मचारियों की कार्यक्षमता को भी बढाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सकारात्मक प्रयास सभी के लिए एक प्रेरणा हैं और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।

एसपी त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता अभियान से न केवल परिसर साफ हुआ है बल्कि इससे पुलिसकर्मियों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। यह अभियान स्वच्छता के प्रति हमारे दायित्व की याद दिलाता है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की गई कि वे इस स्वच्छता अभियान को निरंतर बनाए रखें और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं।

चिकित्सा संस्थानों में दिलाया तंबाकू नहीं खाने का संकल्प

तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तम्बाकू नहीं खाने की शपथ दिलाते चिकित्सा विभाग के कार्मिक।

बांसवाड़ा, (निसं)। तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत शनिवार को चिकित्सा संस्थानों में तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को बताने के लिए संकल्प कार्यक्रम चलाते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आने वाले मरीजों, परिजनों और स्वयं चिकित्सा कार्मिकों ने तंबाकू नहीं खाने और खाने वालों को भी छुडवाने की शपथ ली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएल ताबियार ने बताया कि आमजन में तंबाकू से हो रहे दुष्प्रभावों के बताने के लिए अलग-अलग तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पुलिस, स्कूल, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी विभाग समन्वय स्थापित कर जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राहुल डिंडोर ने बताया कि स्कूलों में प्रार्थना सभाओं में तंबाकू नहीं खाने की शपथ दिलवाई जा रही है। साथ ही स्लोगन, पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को चिकित्सा संस्थानों में आने वाले लोगों में जागरूकता के लिए शपथ कार्यक्रम हुए। चिकित्सकों ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की डीपीओ डॉ हेमलता जैन ने बताया कि प्रतिदिन जिले में होने वाली गतिविधियों की जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय के पॉर्टल पर अपलोड की जा रही है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारियों ने स्कूलों में तंबाकू के दुष्प्रभाव बताते हुए तंबाकू नहीं खाने की शपथ दिलवाई।